Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to take steps to start FM services in Tribal Areas of Khargaon, Madhya Pradesh.

श्री गजेंद्र उमराव सिंह पटेल (खरगौन): माननीय अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद । मैं मध्य प्रदेश की ऐसी जनजाति लोक सभा से आता हूं, जो इन्दौर से 150 किलोमीटर दूर है और इस लोक सभा का 70 प्रतिशत भाग जनजाति बाहुल्य है, जो विकास की गति से काफी दूर है । वहां पर जंगल और पहाड़ों में रहने वाला समुदाय मोबाइल और टी.वी. की सुविधाओं से काफी दूर है । पिछले वर्ष दूरदर्शन केंद्र द्वारा 12वीं योजना के तहत वहां पर 100 वाट क्षमता का एफ.एम. रिले ट्रांसमीटर स्वीकृत हुआ है । यह योजना पिछले साल से स्वीकृत होकर पड़ी हुई है । हमारे जनजाति समुदाय के लोग चारागृह और मजदूरी का काम करते हैं । इस योजना के माध्यम से उनको स्वास्थ्य की जानकारी मिलना, कृषि के संबंध में जानकारी मिलना और सरकार के समाचार का जो संदेश मिलता था, वह मिल सकेगा । महोदय, यह योजना शीघ्र चालू की जाए । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि इस प्रकार के पिछड़े जनजाति समुदाय के लिए एफ.एम. शीघ्र शुरू किया जाए, जो खरगोन और बड़वानी दोनों जिलों में स्वीकृत शेष है, इसको शुरू किया जाए ।

21.00 hrs